कार्यालय अधिशा... न्ता,   Mob. :- 9473942636
खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), सुहाग नगर, फिरोजाबाद।

पत्रांकः– 2242/ जल जीवन मिशन / 284 दिनांक 04-12-2025

ई–मेल
दि0 4-12-2025

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
लखनऊ।

विषय :– **जन प्रतिनिधियों द्वारा जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत निर्मित पाइप पेयजल योजनाओं की समीक्षा के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक इं0 सचिन यादव, मा0 विधायक जसराना, जनपद फिरोजाबाद से जल जीवन मिशन कार्यक्रम (फेज–4) सतही श्रोत आधारित पाइप पेयजल योजना के कार्यों की समीक्षा हेतु समय प्राप्त कर दिनांक 03.12.2025 को मै0 एन0सी0सी0 लिमिटेड, मै0 लॉर्सन एण्ड टूब्रो लिमिटेड एवं मै0 दारा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की बैठक मा0 विधायक जसराना के आवास पर आयोजित करायी गयी। उक्त बैठक में निम्नवत् अधिकारी/फर्म प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

1. श्री देवेन्द्र कुमार सिंह, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
2. श्री विजय लोखण्डे, डी0जी0एम0, मै0 एन0सी0सी0 लिमिटेड, फिरोजाबाद।
3. श्री रेड्डी, फर्म प्रतिनिधि, मै0 लॉर्सन एण्ड टूब्रो लिमिटेड, फिरोजाबाद।
4. श्री अखिलेश सिंह, पी0एम0, मै0 दारा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0, फिरोजाबाद।

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि पैकेज–1 अन्तर्गत जनपद आगरा एवं फिरोजाबाद को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराये जाने हेतु जनपद एटा, ग्राम – भडेरा में निर्माणाधीन इनटेक लगभग 85 प्रतिशत, वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट (456 MLD) कार्य 50 प्रतिशत, 2 नग एम0आई0बी0पी0एस0 के कार्य लगभग 70 प्रतिशत एवं 157 कि0मी0 क्लीयर वाटर राइजिंग मेन के सापेक्ष 102 कि0मी0 क्लीयर वाटर राइजिंग मेन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, इस प्रकार पैकेज–1 की कुल प्रगति 59 प्रतिशत है। मा0 विधायक जी द्वारा कम प्रगति पर प्रश्न किये जाने पर

फर्म प्रतिनिधि श्री विजय लोखण्डे द्वारा अवगत कराया गया कि लगभग 10 माह से फर्म को भुगतान प्राप्त न होने के कारण कार्यों की प्रगति बाधित है तथा वर्तमान में रू0 170.30 करोड़ की देयता लम्बित है।

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि पैकेज–2 अन्तर्गत प्रस्तावित कार्यों के सापेक्ष 8 नग आई0बी0पी0एस0 के कार्य लगभग 65 प्रतिशत, 249 के सापेक्ष 235 नग अवर जलाशय के कार्य लगभग 35 प्रतिशत एवं 5425 कि0मी0 वितरण प्रणाली के सापेक्ष 3310 कि0मी0 वितरण प्रणाली का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, पैकेज–2 की कुल प्रगति 58 प्रतिशत है। मा0 विधायक जी द्वारा कम प्रगति होने पर अप्रसन्नता व्यक्त की गयी तथा कार्यों की प्रगति बढ़ाये जाने के निर्देश दिये गये। साथ ही उनके द्वारा रोड़ पुर्नस्थापना के कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण कराने हेतु भी निर्देशित किया गया।

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि पूर्व निर्मित 86 नग पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 106 नग राजस्व ग्रामों में 10 वर्ष के अनुरक्षण एवं संचालन के कार्य मै0 दारा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड द्वारा कराये जा रहे। इस हेतु समस्त 86 नग पेयजल योजनाओं अनुमानित लागत रू0 51.67 करोड़ की डी0पी0आर0 मुख्यालय प्रेषित की जा चुकी है। वर्तमान में मै0 दारा इंजीनियर द्वारा आंशिक संचालित 57 नग पाइप पेयजल योजनाओं का रखरखाव एवं संचालन का कार्य कराया जा रहा है। डी0पी0आर0 की स्वीकृति उपरान्त फर्म द्वारा समस्त 86 नग पेयजल योजनाओं को पूर्ण रूप से संचालित करते हुये उक्त योजनाओं को 10 वर्ष तक संचालित कराया जायेगा। मा0 विधायक जी द्वारा विधानसभा जसराना क्षेत्र में मै0 दारा इंजीनियरिंग द्वारा अनुरक्षण की जा रही पेयजल योजनाओं की सूची चाही गयी, जो मा0 विधायक जी को उपलब्ध करा दी गयी है। मा0 विधायक जी द्वारा विधानसभा जसराना क्षेत्र में किसी भी एक योजना पर कार्य पूर्ण कर निरीक्षण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त पर मा0 विधायक जी को आश्वासन दिया गया कि डी0पी0आर0 स्वीकृति उपरान्त कार्य पूर्ण कराते हुये निर्देशों का अनुपालन पूर्ण किया जायेगा।

Scanned with OKEN Scanner

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि विधानसभा क्षेत्र जसराना में कुल 159 नग टैंक टाइप स्टैण्ड पोस्ट अधिष्ठापित है। मा0 विधायक जी द्वारा सर्वे कर बन्द पड़ी टी0टी0एस0पी0 को चालू कराये जाने हेतु डी0पी0आर0 शासन को प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

भवदीय

(देवेन्द्र कुमार सिंह)
O/c अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 2242 / ... / ... / 234 दिनांक 04-12-2025
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1- इं0 सचिन यादव, मा0 विधायक जसराना, जनपद फिरोजाबाद।
2- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
3- मुख्य अभियन्ता(आ0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), आगरा।
4- अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), आगरा।
5- अपर जिलाधिकारी(नमामि गंगे), फिरोजाबाद।
6- परियोजना प्रबन्धक, मै0 एन0सी0सी0 लिमिटेड, फिरोजाबाद।
7- परियोजना प्रबन्धक, मै0 लॉर्सन एण्ड टूब्रो लिमिटेड, फिरोजाबाद।
8- परियोजना प्रबन्धक, मै0 दारा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, फिरोजाबाद।

O/c अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner